## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर के निकट शराब ठेका खोले जाने की शिकायत

**अमेठी ।** तहसील तिलोई के विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मत्तेपुर में मंदिर के निकट शराब ठेका खोले जाने के विरुद्ध धर्म समाज सेवा समिति स्वयंभू महादेवन धाम मत्तेपुर एवं ग्रामीणों ने मिलकर उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह एवं कोतवाल मोहनगंज को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मत्तेपुर स्थित सुप्रसिद्ध स्वयंभू महादेवन धाम मंदिर के समीप ही बहुआ के नाम से आवंटन शराब की दुकान मत्तेपुर में खोली जा रही है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 75 शिकायतें निपटाई

**लखनऊ ।** जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये । सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 55 में से 04 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 79 में से 06 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 116 में से 23 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 144 में से 37 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 99 में से 05 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण का विभागों को प्रेषित किए गये।

### सदियाबाद में गलियों का हाल हुआ बेहाल

**प्रयागराज।** सदियाबाद वार्ड नम्बर दस में संपर्क मार्गो, गलियों और नाला नालियों का हाल बेहाल होने से वहां निवास करने वाले लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए वार्ड के सभासद ज्ञानेन्द्र मिश्रा से स्थानीय लोगों ने कई बार लिखित और मौखिक अपील की। पर दुर्भाग्य इस बात का पार्षद की अनदेखी के चलते समस्या दिन प्रति दिन गंभीर होती जा रही है। मुहल्ला निवासी विक्रान्त गौतम ने बताया कि नगर आयुक्त, महापौर, डीएम को ज्ञापन सौंप समस्या के निस्तारण की जोरदार अपील की गई है।

### बाइक गड्ढे में गिरी, दो मौत

**गोंडा।** जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने ग्ग्ने में जा गिरी। यह हादसा राजापुर परसौरा गांव के पास हुआ। मृतकों की पहचान बनकटा दिनारा निवासी 25 वर्षीय प्रमोद तिवारी और नीरज शुक्ला के रूप में हुई है।

### बुजुर्ग पर लाठी-डंडों व चाकू से हमला

**गोंडा।** अल्लीपुर नरहरपुर गांव निवासी राजेश चतुर्वेदी पर उस समय हमला किया गया, जब वह मसकनवा बाजार से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। दौलतपुर ग्रांट प्रा.पाठशाला के पास पहले से घात लगाए बैठे अहमद और उसके साथियों ने राजेश की मोटरसाइकिल रोक ली। उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की गई और विरोध करने पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया गया।

# नारी शक्ति अधिनियम का विरोध करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधि. नियम विधेयक को सदन में गिराकर कांग्रेस, सपा और अन्य विपक्षी दलों ने महिलाओं के अधिकारों से उन्हें वंचित करने का प्रयास किया है, जो निंदनीय है।

मैं, देश का एक जागरूक नागरिक होने के नाते, इसकी कड़ी निंदा करता हूं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का गिरना केवल एक विधेयक का गिरना नहीं है, बल्कि यह उन अनगिनत सपनों का ठहर जाना है, जो हर उस स्त्री ने देखे हैं जो अपने अस्तित्व को केवल चार दीवारों तक सीमित नहीं रखना चाहती। यह आचरण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बाधा के रूप में देखा जा सकता है तथा जनभावनाओं के विपरीत भी है। मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मांग करता हूं कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले सांसदों के आचरण की संवैधानिक एवं नैतिक दृष्टि से समीक्षा कराई जाए तथा उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# आंदोलन पर उतारू निकाय कर्मचारी

## लगभग 9 वर्षो से लम्बित समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण न किए जाने पर आक्रोश



**सैकड़ों पत्राचार, बैठकें, धरना-प्रदर्शन आदि के बाद भी सकारात्मक निर्णय नही हो पाया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उ.प्र.स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने निकाय कर्मचारियों की लगभग 9 वर्षो से लम्बित समस्याओं के समाधान हेतु नगर विकास व निद. ेशालय द्वारा समयबद्ध निस्तारण एवं निर्णय न किए जाने के विरोध स्वरूप सैकड़ों पत्राचार, बैठकें, धरना-प्रदर्शन आदि के बाद भी कोई सकारात्मक निर्णय न होने से आकर्षित महासंघ प्रदेश सरकार व शासन को आन्दोलन व मा. न्यायालय जाने हेतु अन्तिम नोटिस दि. 6 अप्रैल 26 को प्रेषित कर समय रहते कर्मचारियो के हितार्थ निर्णय लेने की अपील की है।

यदि नगर विकास विभाग ने महासंघ की प्रेषित नोटिस पर इस माह तक कोई सकारात्मक समाधान नही किया तो महासंघ मा.न्यायालय जाने व आन्दोलन हेतु बाध्य होगा। महासंघ प्रदेश के अन्य राज्य,निगम,परिवहन, शिक्षकों,स्वास्थ सेवाऔ, सफाई आदि के लगभग 30 बडे व छोटे कर्मचारी संगठनो के साथ सामूहिक एकता बनाए जाने की बैठके व विचार-विमर्श कर रहा है,निश्चित रूप से बहुत जल्द सामूहिक एकता बना कर प्रदेश के कर्मचारी समाज के मौलिक अधिकारो व उनकी मांगो पर एक बडे आन्दोलन की भी रणनीति बनायी जा रही, क्योकि वर्तमान सरकार व शासन में बैठे उच्च अधिकारियो द्वारा किसी कर्मचारी संगठनो के साथ न विभागीय बैठकें कर रहे और न ही समस्याओ का समाधान हो रहा, इन परिस्थियो में प्रदेश के लाखो लाख कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं पर एकजुटता के साथ एकता मंच बना कर आन्दोलन पर सहमति बन रही है,जिससे प्रदेश सरकार व शासन को अवश्य ही प्रतिफल भुगतना पडेगा।

### निजीकरण और उत्पीड़न के विरुद्ध आंदोलन जारी

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों कहा कि पावर कारपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन की विफलताओं के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था गर्मियों में लगातार चरमराती जा रही है। आने वाले दिनों में उपभोक्ताओं को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण तथा उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में चल रहे आंदोलन के क्रम में आज बागपत और गाजियाबाद में विरोध सभाएं आयोजित की गईं, जिनमें केंद्रीय पदाधिकारियों जितेन्द्र सिंह गुर्जर, मोहम्मद वसीम और निखिल कुमार ने मुख्यतया भाग लिया। संघर्ष समिति ने कहा कि ऐसे माहौल में बिजली कर्मियों को उत्पीड़न के खिलाफ सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। 19 मार्च 2023 को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के निर्देशों के बावजूद उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां समाप्त नहीं की गईं, बल्कि उसके बाद वृद्धि हुई।

# पदयात्रा में विद्यार्थियों ने देखी जली कोठी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर इंटैक लखनऊ चैप्टर एवं भारतीय सर्वेक्षण विभाग, लखनऊ सर्किल के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ रेजिडेंसी परिसर में एक विस्तृत विरासत पदयात्रा (हेरिटेज वॉक) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर एएसआई, लखनऊ सर्किल के अधीक्षण पुरातत्वविद् आफ़ताब हुसैन, उप अधीक्षण पुरातत्वविद् श्री प्रतीक पांडेय, वरिष्ठ विशेषज्ञ ए. के. श्रीवास्तव, डा नीतू अग्रवाल (संयोजक, इंटैक लखनऊ चैप्टर), खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज से डा. पारुल सिंह तथा डा विजेता दीक्षित सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विरासत पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों को रेजीडेंसी परिसर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलोंकृमुख्य भवन, बेगम कोठी, बैली गार्ड गेट तथा अन्य संरक्षित अवशेषोंकृका भ्रमण कराया गया। इस दौरान ए. के. श्रीवास्तव एवं प्रदीप पांडेय ने विद्यार्थियों को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रेजीडेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका, ब्रिटिशकालीन स्थापत्य विशेषताओं तथा पुरातात्विक धरो. हरों के संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं बी के टी इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन एन के एस चौहान ॿसह-संयोजक, इंटैक उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारीॠ द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं तथा विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सहायक पुरातत्वविद् सौरभ द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे। जन -जागरूकता कार्यक्रमों के की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

### कुर्क जमीन पर प्लाटिंग करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के देवघाट स्थित विधि विश्वविद्यालय के पास अतीक अहमद के भाई अशरफ की कुर्क जमीन पर प्लाटिंग करने के मामले में पुलिस ने क्षेत्रीय लेखपाल हरीश कुमार वर्मा की तहरीर पर मोहम्मद मुशर्रफ, अयास अहमद, नौशाद अहमद, आजाद अहमद और सुरेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के मुताबिक, जिला प्रशासन ने अशरफ की करीब सात बिस्वा जमीन को कुर्क किया था। अधिकारियों को पता चला कि करीब तीन करोड़ की इस भूमि को प्लाटिंग कर बेचा गया है। मामले की जांच के लिए टीम बनाई गई। कुछ प्लाटों पर अवैध निर्माण भी करा दिया गया है।

# जालियां हटाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**लखीमपुर खीरी।** जिले के नगर पंचायत ओयल में सड़क डिवाइडर पर लगी लोहे की जालियां लगातार हादसों का कारण बन रही हैं।

15 अप्रैल की रात एकता नगर निवासी अमित शाह की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। इस मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की विभाग महामंत्री संगीता गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर जालियां हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। घनी जालियों के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे सड़क पार करना जोखिम भरा हो गया है।

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से दूल्हे की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मंडप छादन (छाजन) के दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से दूल्हे की मौत हो गई। बरात 21 अप्रैल को जानी थी। घटना के बाद वर और वधु पक्ष के खुशियों वाले घर मे मातम छा गया।

घटना शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अशोक नगर सदर बाजार की है। घटना शुक्रवार रात करीब आठ बजे विवाह के लिए मंडप तैयार करते समय हुआ। अविनाश रेलवे में सहायक इंजीनियर था। बरात एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के पीपलगांव में जानी थी। करंट लगने के बाद परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में ले गए। हालत नाजुक होते देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे पीजीआई में ले गए जहां उसे नहीं बचाया जा सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर बाजार निवासी अविनाश पाल रेलवे में सहायक इंजीनियर था। शादी से पहले घर में बज रही शहनाई अचानक मातम में बदल गई। शुक्रवार रात करीब आठ बजे मंडप छादन के दौरान दूल्हा हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों के अनुसार घर की छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हादसा हुआ।

# लेदर लाइफस्टाइल एंड प्रोडक्ट डिजाइन कोर्स शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर भारत के छात्रों को अब (एफडडीआईॄ ग फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, फुरसतगंज ,रायबरेली में एमबीए के साथ ही बीडेस जैसी डिजाइनिंग क्षेत्र में युवाओं को करियर बनाने के अवसर दे रहा है।

उसी कड़ी में लेदर लाइफस्टाइल एंड प्रोडक्ट डिजाइन का नया कोर्स इस वर्ष प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को प्रवेश मिल सकेगा। यूपी प्रेस क्लब में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार द्विवेदी ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस सत्र में हम एससीआर के कारण बढ़ती मांग को देखते हुए लेदर गुड्स एंड एसेसरीज डिजाइन नमक नया विभाग शुरू कर रहे हैं। जिसके तहत संस्थान डिजाइन के विभिन्न क्षेत्रों फुटवियर, फैशन तथा लाइफस्टाइल प्रोडक्ट, डिजाइनिंग जैसे रोजगार पर कोर्स करवा रहा है। उन्होंने बताया कि 100: प्लेसमेंट से संस्थान दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है । श्री द्विवेदी ने विद्यार्थी समूह को आवाहन करते हुए कहा कि ऐसे सभी विद्यार्थियों को इस साल 12वीं या स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा दे रहे हैं एवं वह किसी ऐसे पाठ्यक्रम की तलाश में है जो रोजगार युक्त हो तो , उन्हें एफडीडी आई द्वारा संच. ालित पाठ्यक्रमों के बारे में जरूर विचार करना चाहिए । उन्होंने बताया कि पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क लखनऊ हरदोई क्षेत्र में आ रहा है, जबकि कानपुर उन्नाव में नया फुटवियर पार्क बन रहा है । इससे रोजगार बढ़ेंगे । कमजोर विद्यार्थी पीएम विद्यालक्ष्मी शैक्षिक ऋण ले सकते हैं । फुरसतगंज इस ऋण योजना के लिए पंजीकृत संस्थाओं में शामिल है । रिजर्व कैटेगरी के छात्रों के लिए सरकार की फीस प्रतिपूर्ति योजना का लाभ ले सकते हैं ।

### बच्चों में पोषण स्तर का सुधार अत्यंत आवश्यक: अनुपम

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दयानंद इंटर कॉलेज, इंदिरा नगर, लखनऊ में पोषण पखवाड़ाह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अनुपम कुमार यादव द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों को संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों, किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार अत्यंत आवश्यक है, जिससे कुपोषण, एनीमिया एवं शारीरिक कमजोरी जैसी समस्याओं को कम किया जा सके। कार्यक्रम में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण के आपसी संबंधों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा सभी को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पौष्टिक भोजन, हरी सब्जियों एवं ताजे फलों के नियमित सेवन को बढ़ावा देने के साथ-साथ जनभागीदारी के माध्यम से एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अरुण कुमार श्रीवास्तव ने भी पोषण पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को समझाया कि वे अपने दैनिक आहार में हरी सब्जियां, फल एवं प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को शामिल करें तथा जंक फूड का सेवन कम से कम करें।

# डीएम ने स्कूलों में कक्षाओं का समय बदला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले में कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों का समय बदल गया है। 20 अप्रैल से सुबह साढे सात से दोपहर 12 बजे तक कक्षाएं चलेंगी।

इस संबंध में डीएम की ओर से आदेश जारी किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ॰(बीएसए) ने बताया कि जिला. धिकारी के निर्देश पर विद्यालयों का समय बदल दिया गया है। भीषण गर्मी और तापमान में वृद्ध होने के साथ लू से बचाव के लिए जिले के समस्त परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्डों के कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों का समय सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया है। इस संबंध में सभी विद्यालयों को अवगत करा दिया गया है कि इसमें तनिक भी लाप. रवाही क्षम्य नहीं होगी। जिले में तापमान तेजी के साथ बढ़ रहा है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

### होनहार बेटी सिदरा खान ने बढ़ाया मान

**गोंडा।** कहते हैं जब हौंसले बुलंद हों और मेहनत सच्ची हो, तो मंजिल खुद रास्ता बना लेती है और इस बात को सच कर दिखाया है गोंडा की होनहार बेटी सिदरा खान ने। रघुकुल विद्यापीठ, गोंडा की छात्रा सिदरा खान ने सीबीएसई बोर्ड 2026 के परीक्षा परिणाम में शानदार 91प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, अपने विद्यालय और पूरे जनपद का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। यह सिर्फ एक रिजल्ट नहीं, बल्कि एक बेटी के सपनों, संघर्ष और मेहनत की जीत है। सिदरा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अवध क्षेत्र के महामंत्री इमरान खान की बड़ी बेटी हैं। हाता हलधरमऊ से पढ़ाई की शुरुआत करने वाली सिदरा ने यह साबित कर दिया कि सपनों की कोई सीमा नहीं होती, बस उन्हें पूरा करने का जुनून होना चाहिए। पिता इमरान खान ने कहा कि आज मेरी बेटी ने जो मुकाम हासिल किया है, उससे मेरा सिर गर्व से ऊंचा हो गया।

# अंतिम संस्कार करने आए बुजुर्ग को कार ने मारी टक्कर, मौत

**कार चालक मौका देखकर हुआ फरार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** दारागंज घाट पर अपनी पत्नी का अंतिम संस्कार करने आए बुजुर्ग श्री पाल (82) को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी, जिससे इनकी मौत हो गई।

दारागंज पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारा थाना क्षेत्र में श्री पाल परिवार समेत रहते थे। उनकी पत्नी की किसी कारणवश मौत हो गई थी। उनके परिजन व रिश्तेदार दारागंज घाट पर उनकी पत्नी के अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने श्रीपाल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। दारागंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। परिजनों और आसपास के लोगों का बयान दर्ज कर नंबर के आधार पर कार की पहचान की जा रही है। जल्द आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### आवास व विकास कार्य के आरोप पर जांच के आदेश

**गोंडा।** नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के परिसीमन क्षेत्र से बाहर बताए जा रहे गाटा नंबरों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत किए जाने तथा विकास कार्य कराए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगर के सभासद शिव शंकर भट्ट ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी गोंडा को शिकायती पत्र सौंपकर गंभीर अनियमित. ताओं का आरोप लगाया। सभासद ने कहा है कि उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में लंबित एक याचिका के मामले में उपजिला. धिकारी कर्नलगंज द्वारा प्रस्तुत लिखित कथन में स्पष्ट उल्लेख किया गया था।

# वैश्विक सिनेमा और कला का उभरता केंद्र है लखनऊ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नवाबों के शहर लखनऊ में दो दिवसीय श्लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025श का भव्य आयोजन पी वी आर आइनाक्स सिनेमा, सहारागंज माल में संपन्न हुआ।

इस प्रतिष्ठित समारोह ने देश भर के फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों और कलाकारों को एक मंच पर लाकर उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी को सिनेमाई रंग में सराबोर कर दिया। फेस्टिवल के दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 210 फिल्मों को सम्मानित किया गया। कई उत्कृष्ट फिल्मों को न केवल प्रशस्ति पत्र दिए गए, बल्कि कैश प्राइज देकर भी फिल्मकारों का उत्साहवर्धन किया गया। इस वर्ष फेस्टिवल का सबसे विशेष हिस्सा श्उत्तर प्रदेश लीजेंड्स अवाड्र्सश रहा। प्रदेश की महान विभूतियों की स्मृति में देश की जानी-मानी फिल्मी हस्तियों को सम्मानित किया गया जैसें राहुल रवैल को डायरेक्टर के. आसिफ अवार्ड, राज बब्बर को एक्टर भारत भूषण अवार्ड, विशाल भारद्वाज को म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद अवार्ड , पूनम ढिल्लों को नरगिस दत्त एक्ट्रेस अवार्ड, रवि किशन को एक्टर सुजीत कुमार अवार्ड,राजपाल यादव को एक्टर कन्हैया लाल अवार्ड, मनोज मुंत. शिर को मजरूह सुल्तानपुरी लिरिक्स अवार्ड, कमलेश पांडेय को राही मासूम रजा राइटर अवार्ड, डा. विद्या बिंदु सिंह को अटल बिहारी वाजपेयी कवि सम्मान, दीपू श्रीवास्तव को राजू श्रीवास्तव कामेडी अवार्ड, जूही चतुर्वेदी को मुंशी प्रेमचंद लिटरेरी अवार्ड, बी. एन. तिवारी को बी.के. चतुर्वेदी साउंड एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया। आयोजक व फेस्टिवल के संस्थापक अयूब खान, जो स्वयं एक प्रसिद्ध लेखक, निर्माता और निर्देशक हैं, ने बताया कि जो लोग अवार्ड लेने नही आ सके उन सभी के पास उनके अवार्ड को पहुचाया जाएगा।

# राजस्थान में नदी में डूबकर बहेड़ी के युवक की मौत

**नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबा, पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा शव, गांव में शोक की लहर**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रोजगार के लिए राजस्थान गए बहेड़ी क्षेत्र के एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ा निवासी 20 वर्षीय मो. फैजान पुत्र जमील अपने भाई जीशान के साथ राजस्थान के कोटा में फर्नीचर का काम करता था। शुक्रवार को काम से फुर्सत मिलने पर वह अपने भाई और दो अन्य साथियों के साथ नदी में नहाने गया था। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से फैजान डूब गया। घटना के बाद उसका भाई जीशान और साथी मुन्ना व फैसल पानी से बाहर निकलकर मदद के लिए शोर मचाने लगे। आसपास मौजूद लोगों की मदद से फैजान को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को जब शव गांव पचपेड़ा पहुंचा तो परिवार में मातम छा गया, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# समाधान दिवस में गैरहाजिर अधिकारियों से जवाब तलब

**गेहूं खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मंडलायुक्त बरेली भूपेंद्र चौधरी एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह तहसील सभागार मीरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। इस दौरान एसडीएम आलोक कुमार एवं तहस. ीलदार आशीष कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर मंडलायुक्त ने नारा. जगी व्यक्त की। इस पर एडीएम ने क्षेत्राधिकारी, वन विभाग, नलकूप विभाग, जल निगम एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अधिकारियों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।समाधान दिवस में कुल 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। विभागवार प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 12, ग्राम विकास की 2, पुलिस विभाग की 3, आपूर्ति विभाग की 6, विद्युत विभाग की 5, चकबंदी विभाग की 1, नगर विभाग की 1 तथा अन्य विभागों की 2 शिकायतें शामिल रहीं।समाधान दिवस के उपरांत एडीएम पूर्णिमा सिंह ने तहसील मीरगंज क्षेत्र के गेहूं खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीसीएफ केंद्र के प्रभारी मुरारी अनुपस्थित पाए गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि वह सुबह कुछ समय के लिए आए थे, इसके बाद चले गए।

इस पर एडीएम ने उपजिलाधिकारी मीरगंज को संबंधित के विरुद्ध शो-कॉज नोटिस जारी करने तथा जिलाधिकारी को अवगत कराने के निर्देश दिए।अन्य खरीद केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया, जहां सभी प्रभारी उपस्थित मिले और खरीद प्रक्रिया नियमानुसार संचालित पाई गई। एडीएम ने किसानों से बात. चीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली, जिस पर किसानों ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही सभी केंद्रों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था नगर पंचायत के माध्यम से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों का जबाव तलब, कटेगा वेतन

**नवाबगंज।** शनिवार को सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में जहां 51 शिकायतें दर्ज की गईं, वहीं आयोजन से गैर हाजिर रहने वाले नगर पालिका परिषद के ईओ सहित पांचों अधिकारियों का जबाव तलब किए जाने के साथ ही सभी का एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने एसडीएम को दिए हैं।

शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक ने शिकायतें सुनना शुरू कीं। इससे पहले अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने आयोजन में शामिल होने वाले अधिकारियों की उपस्थित रजिस्टर का निरीक्षण किया, जिसमें गैर हाजिर रहने वाले नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, वाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, सहायक अभियंता नलकूप, सहायक अभियंता लघु सिंचाई अनुपस्थित पाए गए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने जिस पर गहरी नाराजगी जताई हुए सभी का जवाब तलब कर एक दिन का वेतन काटे जाने की रिपोर्ट भेजे जाने के निर्देश एसडीएम उदित पवार को दिए हैं। आयोजन में दर्ज 51 शिकायतों में से 5 के निराकरण का दावा किया गया है। इसमें एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य, एआरओ प्रदीप तिवारी आदि शामिल रहे।

### मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार



**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव की महिला पुत्र एवं मंदबुद्धि पुत्री के साथ खेत में कटी गेंहू की फसल की गहाई कराने की तैयारी कर रही थी। गहाई करने को गांव का व्यक्ति ट्रैक्टर व थ्रेशर लेकर पहुंचा। थ्रेशर पर गांव के दो मजदूर भी थे। फसल नम होने के कारण गहाई नहीं हुई। ग्रामीण ट्रैक्टर थ्रेशर लेकर लौट गया। गहाई न होने पर महिला की पुत्री घर लौट रही थी।

रास्ते में थ्रेशर पर मजदूरी करने वाले दो युवकों ने मंदबुद्धि लड़की को रास्ते में पकड़ कर जबरन दुष्कर्म किया। लड़की के चेहरे पर लगे हल्की चोट देकर मां ने युवती से पूछा। लड़की ने मां को घटना के बारे में बताया। मां ने गत आठ अप्रैल को आरोपी सतीश एवं वीरपाल निवासी मसीहाबाद के थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा की जांच निरीक्षक अपराध संजय तोमर कर रहे हैं।

पुलिस ने सूचना मिलने पर शनिवार को नल नगरिया अड्डा पर छापा मार कर आरोपी 26 वर्षीय सतीश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। निरीक्ष्क अपराध ने बताया सतीश शराब पीने का आदी है। घटना के दिन वह महिला के खेत में गेंहू की थ्रेसिंग कराने गया था। थ्रेसिंग न होने पर वह बहाना बनाकर खेत से निकल गया। उसने शराब पी रखी थी। रास्ते में महिला की पुत्री मिली। मंदबुद्धि होने का फायदा उठाकर उसने रेप किया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस दूसरे आरोपी को तलाश कर रही है।

### चलती कार में लगी भीषण आग हाईवे पर मचा हड़कंप



**मीरगंज।** नेशनल हाईवे पर संभल से बरेली जा रही एक कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के बल्लिया ओवर ब्रिज के पास की है।

जानकारी के अनुसार, कार संख्या UP38A4853 में सवार नदीम असगर पुत्र निसार अहमद संभल से बरेली की ओर जा रहे थे। रास्ते में अचानक गाड़ी से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोककर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम मीरगंज से मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों चालक राजेंद्र सिंह, अशोक यादव, तीरंध्वज, राज कुमार और संजीव की तत्परता से आग को फैलने से रोक लिया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

### युवती को प्रेमी लेकर हुआ फरार नामजद रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज।** क्षेत्र की एक युवती अपने परिजनों को सोता छोड़ अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। भाई ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती 16 अप्रैल की रात अपने परिजनों को सोता हुआ छोड़कर फरार हो गई। युवती अपने साथ 3-4 जोड़ी कपड़ों के साथ ही सोने चांदी के जेवरात भी ले गई है। भाई द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन ने फोन करके बताया कि उसे फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला सराय का ताहिर बहला-फुसलाकर भगा लाया है, और दिल्ली में रह रहे अपने दोस्त अब्दुल करीम के कमरे पर छोड़कर रुपए लेने जाने की बात कहकर चला आया, और उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। भाई ने बहन के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। युवती के भाई ने ताहिर हुसैन के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### प्लॉट और मकान का बैनामा न कराए जाने पर विधवा को पुत्र छीनकर घर से निकाला

**नवाबगंज।** पति की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के बाद देवर और उसके परिजन विधवा के पीछे पड़ गए हैं। विधवा से उसके नाम प्लॉट और मकान का बैनामा कराए जाने को लेकर प्रताड़ित कर गुरुवार को उसे घर से निकाल दिया गया। नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला की रहने वाली रुखसाना के पति मो0 यामीन की 8 साल पहले एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई थी। उसने अपनी पुत्री की शादी कर दी, वह अपने 10 वर्षीय पुत्र के साथ घर पर अकेली रहती है। आरोप है उसके देवर और उनके परिजनों ने उसके पुत्र को उससे छीन लिया है और वह उस पर लगातार उसके नाम प्लॉट और मकान का बैनामा कराए जाने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। आज गुरुवार को देवर, उसकी पत्नी, पुत्रों, पुत्री के साथ ही गांव के एक दबंग व्यक्ति ने विधवा के घर आकर गंदी गंदी गालियां दी, जब उसने इसके लिए उन्हें मना किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया, कहा जब तक तू प्लॉट और मकान का बैनामा पुत्र के नाम नहीं कर देती है।

# पंचायत चुनाव: आरक्षण की टेंशन, दावेदारी जोरों पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियाँ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दावेदार प्रत्याशी जहां वोटरों को रिझाने में जुटे हैं, वहीं आरक्षण सूची को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सभी की निगाहें शासन द्वारा जारी होने वाली सूची पर टिकी हैं कि किस सीट पर किस वर्ग का आरक्षण लागू होगा। विकास खंड दमखोदा में 73 ग्राम प्रधान और 89 बीडीसी सदस्यों के चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हैं। जगह-जगह बैनर-होर्डिंग लगने लगे हैं और गांवों में चुनावी चर्चाएं गर्म हैं।

दावेदार वोटरों को साधने में जुटे हैं, यहां तक कि दावतों का दौर भी शुरू हो चुका है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम का सख्त एक्शन

- **लापरवाही पर राजस्व निरीक्षक निलंबित**
- **फरियादियों की शिकायतों पर तुरंत फैसले**
- **अवैध कब्जों व जनसमस्याओं के निस्तारण के कड़े निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में तहसील फरीदपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने एक-एक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं के प्रति संवे. दनशील रहकर कार्य किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाएगा कि कोई भी आदेश शासनादेश से ऊपर नहीं है, इसलिए सभी अधिकारी निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करें।

समाधान दिवस के दौरान एक शिकायतकर्ता ने गलत अंश निर्धारण की शिकायत दर्ज कराई। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित राजस्व निरीक्षक को बुलाकर स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। मामले को गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी ने उसकी भूमिका संदिग्ध पाई और तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के निर्देश दे दिए। इस कार्रवाई से अधिकारियों में हड़कंप मच गया और प्रशास. निक सख्ती का स्पष्ट संदेश गया। कार्यक्रम में राजस्व, पुलिस, पूर्ति, विकास, चकबन्दी, विद्युत, नगर विकास एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम सिंघाईकला के एक ग्रामीण ने पूरे गांव का गंदा पानी अपने खेत में जाने की समस्या रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी फरीदपुर को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

वहीं, मोहल्ला बाजार जनूबी के एक आवेदक ने दबंगों द्वारा पुश्तैनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व सीओ फरीदपुर को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। ग्राम टिसुआ के एक अन्य मामले में सरकारी चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व टीम को जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ग्राम नवदिया अशोक के एक निवासी ने अपने दरवाजे के सामने जबरन ठेली खड़ी करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने एसएचओ फरीदपुर को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण भी किया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को समयसीमा तय कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, पुलिस अधीक्षक देहात मुकेश चन्द्र मिश्र, पुलिस अधीक्षक क्राइम मनीष सोनकर, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डूडा चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी फरीदपुर मल्लिका नैन, तहसीलदार फरीदपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फांसी के फंदे पर झूला युवक सूचना पर पहुंची पुलिस

**शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजनों में मचा हड़कंप**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलडिया।** थाना क्षेत्र के गांव सिठौरा के टेकचंद का 17 वर्षीय पुत्र विक्रम आज शाम को गन्ना बुवाई के बाद घर पहुंचा और वह शराब के नशे में था इस पर उसकी मां से विवाद हो गया और वह गुस्से में गांव के बाहर राम मूर्ति लाल के खेत में खड़े आम के पेड़ पर रस्सी के फंदा बनाकर उसे पर लटक गया सुबह जब ग्रामीणों ने उसका शव लटका देखा तो ग्राम प्रधान को सूचना दी।

इस पर ग्राम प्रधान पति तुलाराम वर्मा ने पुलिस को सूचना दी जिस पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे साथ ही उन्होंने फील्ड यूनिट को भी बुलाया।

पुलिस ने शवको उतरवा कर शवको कब्जे में ले लिया मृतक के पिता टेक चंद्र बाहर मजदूरी करते हैं मृतक दो भाई है मृतक की माता संगीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस ने शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तहसील दिवस में 62 शिकायतें दर्ज, 11 का मौके पर निस्तारण

**अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, टूटी सड़कें और आवारा पशु बने बड़ी समस्या**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस में शनिवार को कुल 62 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। इस दौरान एसडीएम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर और तहस. ीलदार भानू प्रताप ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

तहसील दिवस में नगर के सभासद ताहिर और सलीम चंदा ने सरकारी अस्पताल की अव्यवस्थाओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी है। जो डॉक्टर तैनात हैं, वे भी नियमित रूप से नहीं बैठते। इसके चलते मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में जांच सुविधाएं भी न के बराबर हैं। लैब बंद पड़ी है, एक्स-रे मशीन पुरानी हो चुकी है और अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा केसर चीनी मिल रोड और नैनीताल रोड की जर्जर हालत पर भी लोगों ने नाराजगी जताई। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने से आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की।

तहसील दिवस में भारतीय किसान यूनियन ने भी ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याएं रखीं। किसानों ने बताया कि जल शक्ति मिशन के तहत गांवों में डाली गई पाइप लाइनों के कारण कई स्थानों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं और कई जगह पाइप लाइन लीकेज है। ग्राम सिसई, सिसई बाकौली समेत अन्य गांवों में इन गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। किसान नेता राजेश गुप्ता ने आवारा पशुओं की समस्या उठाते हुए कहा कि इससे किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं और सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में पशुशाला बनवाने की मांग की। इसके साथ ही नगर पालिका क्षेत्र में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का मुद्दा भी उठाया गया। आरोप लगाया गया कि तालाब की जमीन पर अवैध रूप से भवन और व्यावसायिक निर्माण कर लिए गए हैं। लोगों ने इसकी जांच कराकर कब्जे हटाने और तालाब का सौंदर्यीकरण कराने की मांग की।

किसानों ने कृषि रक्षा इकाई में ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर लगाने की भी मांग की। साथ ही गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत बताई। किसानों का कहना है कि वर्तमान में 33 केंद्र पर्याप्त नहीं हैं, जिससे दूर-दराज के किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने नए केंद्र खोलने और सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

# शीशगढ़ में गौ तस्करों से पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार ,एक फरार

**शीशगढ़ पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़ ।**थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो आरो. पियों को गोली लगने के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, 3 अप्रैल को गांव बरगवां निवासी ओमकार ने सूचना दी थी कि किच्छा नदी के पास अज्ञात लोगों द्वारा गौवंशीय पशु का वध कर उसके अवशेष फेंक दिए हैं। इस मामले में थाना शीशगढ़ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

शनिवार तड़के करीब 5 बजे थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ गश्त पर पनवड़िया पुल के पास पहुंचे। तभी तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें अब्दुल रहमान पुत्र बाबू और दानिश कुरैशी पुत्र यासीन कुरैशी निवासीगण कस्बा धोराटांडा थाना भोजीपुरा के पैरों में गोली लगने से घायल हो गए।

गिरफ्तारी के दौरान तलाशी में आरोपियों के पास से दो तमंचे (.315 बोर), सात कारतूस, 2810 रुपये नगद और गौकशी से जुड़े उपकरण बरामद किए गए। तीसरा आरोपी आरिफ पुत्र नामालूम निवासी किच्छा (उत्तराखंड )अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस कॉम्बिंग अभियान चला रही है।

घायल आरोपियों को इलाज के लिए सीएचसी बहेड़ी भेजा गया है। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने मुठभेड़ के संबंध में अलग से मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**तीन साल पहले धर्म परिवर्तन कर किया था प्रेम विवाह**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया में एक युवक का शव शनिवार सुबह उसके घर में फंदे से लटका मिला। युवक ने करीब तीन साल पहले मुस्लिम बनकर एक युवती से शादी की थी और उसके दो बच्चे भी हैं। घटना से कुछ घंटे पहले ही उसका अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद पत्नी मायके चली गई थी।

कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि मृतक की पहचान इमरान उर्फ विनय पुत्र शंकरलाल प्रजापति के रूप में हुई है, जो रिक्शा चलाता था। वह मूल रूप से जोगी नवादा थाना बारादरी का निवासी था और हाल ही में मारिया मीट फैक्टरी के पास नकटिया में रहता था। उसकी पत्नी मुस्कान ने बताया कि रात में इमरान घर नहीं आया था।

सुबह घर लौटने पर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ और मारपीट भी हुई। इस घटना के बाद मुस्कान अपने मायके चली गई थी। देर रात करीब साढ़े बारह बजे मुस्कान अपने परिजनों के साथ इमरान के घर लौटी। घर का मुख्य द्वार अंदर से बंद था। मुस्कान के भाई जाहिद ने गेट के ऊपर से कूदकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने मुख्य द्वार की कुंडी खोली।

अंदर पहुंचने पर उन्होंने आंगन में देखा और कमरे का दरवाजा खोला।

कमरे के भीतर इमरान छत के कुंडे से रस्सी और चुन्नी के सहारे लटका हुआ था। कमरे की कुंडी अंदर से बंद नहीं थी, जिससे किसी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश की संभावना बनी हुई है।

घटना की सूचना 112 पर प्राप्त हुई थी, इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फील्ड यूनिट टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया है। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# पुरानी रंजिश में ग्रामीण की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र के भीकमपुर गांव में शनिवार सुबह पुरानी रंजिश के चलते कल्लू उर्फ कल्याण की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कल्याण खेत पर शौच के लिए गए थे, तभी घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया। इस घटना में आरोपी पक्ष के जुगेंद्र नाम के एक व्यक्ति के हाथ में भी गोली लगी है। मृतक के परि. जनों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते कल्लू की हत्या की है। सूचना मिलते ही सीओ नितिन कुमार और प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई धर्मपाल ने बताया कि उनकी गांव के कुछ लोगों से पुरानी दुश्मनी चल रही थी। चार दिन पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था, जिसके बाद आरोपी पक्ष ने तहरीर दी थी। इस मामले में शुक्रवार को थाने में दोनों पक्षों के बीच फैसला होना था। धर्मपाल ने बताया कि कल्लू सुबह खेत में शौच के लिए गया था, तभी आरोपियों ने उस पर गोलियां बरसा दीं। कल्लू के भाई धर्मपाल ने बताया कि उनकी गांव के ही कुछ लोगों से पुरानी रंजिश थी। दो साल पहले आरोपियों ने कल्लू के भाई महेंद्र को बाजार में पीटा था।

# बेटियों के जन्म पर जश्न और स्वास्थ्य पर फोकस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने शनिवार को बरेली में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए बेटियों के सम्मान और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस दौरान उनके साथ राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे भी मौजूद रहीं। जिला अस्पताल में आयोजित सर्वाइकल वैक्सीनेशन कार्यक्रम में शामिल होकर अध्यक्ष ने महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर जोर दिया और वैक्सीनेशन को आवश्यक बताते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को इसका लाभ लेने की अपील की। इसके उपरांत महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अध्यक्ष ने केक काटकर नवजात बेटियों के जन्म का उत्सव मनाया। उन्होंने नवजात बालिकाओं को हिमालया बेबी किट भेंट की और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियां समाज की ताकत हैं और उन्हें समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। श्री गंगा चरण आर्यवर्धन अस्पताल के चंद्रकांता सभागार में गंगा शील महाविद्यालय द्वारा महिला चित्रकारों की समूह प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

# गेहूं की फसल जलकर राख

**बरेली।** हाफिजगंज क्षेत्र में हाई टेंशन लाइन से निकली चिंगारी के कारण किसानों की 60 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से किसान सद्दाम, चरन सिंह और गंगाशील को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने से आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। आग 132 केवीए विद्युत केंद्र के पास खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से लगी बताई जा रही है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवा के कारण तेजी से फैलती चली गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

# नोएडा हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

■ यूपी एसटीएफ ने तिरुचापल्ली स्टेशन से पकड़ा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के मुख्य साजिशकर्ता और एक लाख के इनामी आरोपी आदित्य आनंद को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने उसे तमिलनाडु के तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन से दबा. चा है। लंबे समय से फरार चल रहे इस आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है।

पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका सामने आई थी। जांच में उसे पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड पाया गया था। जिसके बाद थाना फेज-2 में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता फिर रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ की टीमें अलग-अलग राज्यों में उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थीं। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी संसाधनों का सहारा लेकर उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए रखी।

**तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार:** आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में ट्रेस होने के बाद विशेष टीम को वहां भेजा गया। टीम ने सटीक सूचना के आधार पर तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने बचने की को. शिश भी की, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते वह सफल नहीं हो सका।

**पूरे हिंसा की साजिश का खुलासा होने की उम्मीद:** पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आदित्य आनंद की गिरफ्तारी से श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा होने की उम्मीद है। उससे पूछताछ कर अन्य शामिल लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए जाएंगे। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर लाकर स्थानीय न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# प्रशासन की आंख में धूल झोंक अब रात में चल रहा अवैध निर्माण का खेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की जमीन पर अवैध निर्माण कराने के मामले सामने आ रहे हैं। बेखौफ ठेकेदार लगातार प्रशासन की आंख में धूल झोंककर निर्माण काम करा रहे हैं, जिससे कि उन्हें ज्यादा मुआवजा मिल सके। प्रशासन ऐसे लोगों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। फिर भी बेखौफ ठेकेदार रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एयरपोर्ट के लिए जमीनों के अधिग्रहण का काम तेजी से चल रहा है। तीसरे चरण तक का अधिग्रहण हो चुका है और किसानों को तीसरे चरण के लिए मुआवजे भी बांटे जा रहे हैं। एयरपोर्ट में जमीन अधिग्रहित होने के बाद इसमें किसी तरह का निर्माण कराना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बाद भी जेवर और इसके आसपास के क्षेत्र में लोग निर्माण काम करा रहे हैं। जिससे कि वह प्रशासन से ज्यादा मुआवजे की मांग कर सके। इस निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे कई हादसे भी हो चुके हैं।

**रात के अंधेरे में चल रहे निर्माण कार्य :** अवैध निर्माण रो. कने के लिए प्रशासन की टीमें दिन में सक्रिय रहती हैं। प्रशासन से बचने के लिए ठेकेदार दिन के बजाय रात में काम कर रहे हैं। ऐसे ही एक निर्माण काम को प्रशासन की टीम ने शुक्रवार सुबह छापेमारी करते हुए रोका है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

**बने मकान पर मिलता है ज्यादा मुआवजा :** अधिग्रहित हो चुकी जमीनों में बने हुए मकान पर दोगुना मुआवजा मिलता है और आवासीय प्लाट का भी लाभ मिलता है। इसीलिए लोग घटिया निर्माण सामग्री से मकान और इमारतें बनवा देते हैं। इसमें लागत भी कम आती है और उन्हें मुआवजे में ज्यादा रकम मिलती है। गांवों में ठेकेदारों के गैंग सक्रिय है, जो घटिया सामग्री से निर्माण कराता है। जब मुआवजे की रकम किसान को मिलती है, तो उन्हें भी लागत के अतिरिक्त कमीशन मिलता है। बीते दिनों नीमका गांव में दीपक नाम का व्यक्ति दूसरे के खेत में निर्माण करा रहा था। जिसके बाद गांव के लेखपालों ने उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**घटिया निर्माण सामग्री के कारण हो चुकी हैं पांच मौतें :** जेवर के रामनेर गांव में 12 मार्च को मकान निर्माण के दौरान दीवार गिर गई। दीवार गिरने के कारण महिला मजदूर अनीता की मौत हो गई।

# श्रमिकों के लिए सीएसआर फंड से लगेंगे मेडिकल कैंप

■ डीएम ने निजी अस्पताल संचालकों संग की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में श्रमिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और निजी अस्पताल संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए समन्वित प्रयासों को मजबूत करना रहा। जिसमें कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत मेडिकल कैंप, मोबाइल स्वास्थ्य सेवाएं और माइक्रो प्लान तैयार करने पर चर्चा हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में विक. सित हो रहा है, जहां बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं और लाखों श्रमिक कार्यरत हैं। ऐसे में श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार और उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रमिकों के आवास, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने निजी अस्पताल संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ब्ै) फंड का उपयोग करते हुए औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित मेडिकल कैंप आयोजित करें। विशेष रूप से महिला श्रमिकों के लिए इन शिवि. रों में अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि मेडिकल कैंपों में श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए नेत्र परीक्षण, ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमा. रियों की जांच की व्यवस्था की जाए। साथ ही श्रमिक बहुल क्षेत्रों में मिनी ओपीडी, मोबाइल मेडिकल वैन और नेत्र जांच शिविर आयोजित कर चश्मा वितरण तथा मोतियाबिंद जैसी बीमारियों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कंस्ट्रक्शन साइट्स पर कार्यरत श्रमिकों के लिए भी नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर और मोबाइल मेडिकल सेवाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निजी अस्पतालों से इस दिशा में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी निजी अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत माइक्रो प्लान तैयार करें और प्रत्येक अस्पताल में एक नोडल अधिकारी नामित कर उसकी सूची उपलब्ध कराएं, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिला अस्पताल, साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिम्स अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर, दवाइयां और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध रहें।

# चोरी की बाइक और चाकू संग तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को जांच के दौरान तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की बाइक, टेलीकॉम टावर का आरआरयू (रेडियो रिमोट यूनिट) और तीन चाकू बरामद हुए हैं। वे चोरी का सामान नोएडा में बेचने जा रहे थे।



कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया पुलिस टीम पी-3 गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस के रोकने पर उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन घबराहट में गिर पड़े। इसके बाद पुलिस दोनों के साथ पास में मौजूद तीसरे युवक को भी दबोच लिया। कासना निवासी रविंद्र, राहुल और प्रवीण के रूप में तीनों की पहचान हुई है। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि कासना स्थित एक होटल के पास लगे टावर से आरआरयू और सूरजपुर थाना क्षेत्र से बाइक की चोरी की थी। आरोपी अपने बचाव के लिए अवैध चाकू रखते थे। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### मजदूरों की रिहाई नहीं होने पर किसान करेंगे आंदोलन

**नोएडा।** किसान सभा ने न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने, सभी मजदूरों की शीघ्र रिहा करने और गंगेश्वर दत्त शर्मा की नजरबंदी समाप्त करने की मांग की है। सभा ने तावनी दी है कि मांगे पूरी नहीं होने की सूरत में संगठन की ओर से आंदोलन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने आरोप लगाया कि कई श्रमिकों की गिरफ्ता. रियों का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। उनका दावा है कि कार्रवाई में नाबालिगों को भी नहीं बख्शा गया, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने इसे कानून और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। सीटू के जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा की हिरासत को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। इस मौके पर किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर, जिला महासचिव संदीप भाटी समेत अन्य मौजूद रहे।

### कार में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-98 के पास एक कार में आग लग गई। चालक ने कार को साइड किया और उतर गया। पुलिस और दमकल विभाग को इसकी जानक. ारी दी गई। आग को बुझा दिया गया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। मामले में कोई जनहानि नहीं हुई है। कार को बुझाने में करीब 30 मिनट का समय लगा। सेक्टर-98 के पास टैक्सी हुंडई एक्सेंट कार कामर्शियल नंबर से रजिस्टर्ड है। गनीमत थी कि चालक के अलावा कार में कोई नहीं था। बताया गया कि बोनट की तरफ से धुंआ उठा उसके बाद तेजी से आग कार में फैल गई। आग की वजह शॉट सर्किट हो सकती है। दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आगपर काबू पाया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 136 शिकायतें हुई दर्ज, 11 का मौके पर निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 136 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 11 शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।



तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी भू/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 07 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।

इसी क्रम में तहसील जेवर में उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 36 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील दादरी में उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 93 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## एक नजर

### सड़कों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा 100 करोड़ रुपये

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में सड़कों के निर्माण पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बारिश से पहले ही सड़कों को बनाने का काम पूरा किया जाना है। कामों को शुरू कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया प्राधिकरण ने शुरू कर दी है। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक ग्रेनो वेस्ट और ग्रेटर नोएडा दोनों ही जगह प्रमुख सड़कों के अलावा सेक्टरों को जोड़ने वाली सर्विस लेन को बनाया जाना है। इनमें प्रमुख रूप से सेक्टर-1 और टेकजोन-4 के बीच सर्विस लेन का सुधार और नाली बनाने का काम, ईकोटेक-8 में 45 मीटर चौड़ी सड़क के सुधार व नाले का निर्माण, तुस्याना में सीसी रोड व नाली का निर्माण, सेक्टर-1 में 12 मीटर सड़क सुधार और नाली का निर्माण, बिसरख में रेलवे रोड से एनएच-91 तक सड़क चौड़ीकरण, टेकजोन-4 में स्पोर्ट्स सिटी के पास 60 मीटर सड़क का चौड़ीकरण और क्रेक सीलिंग काम होना है। इसके अलावा 130 मीटर रोड पर अधूरी बस कारीडोर के काम को भी तेज करने के लिए सीईओ एनजी रवि कुमार ने जीएम प्रोजेक्ट को कहा है।

### नोएडा में 299 श्रमिकों को छोड़ा गया

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के मामलों में प्रशासन ने आंशिक राहत देते हुए शांतिभंग की धाराओं में जेल भेजे गए आरोपियों की रिहाई शुरू कर दी है। इस क्रम 299 आरोपियों को रिहा किया गया। जबकि अन्य मामलों में कानूनी कार्रवाई अभी जारी है। प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़, आगजनी और हाईवे जाम जैसी घटनाओं के चलते पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए करीब 1050 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनमें से कुछ पर केवल शांति भंग की धाराएं लगाई गई थीं, जबकि अन्य पर गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इसमें से 62 लोग ऐसे है जिनको प्रमुख से माना गया कि वे तोड़फोड़ और लोगों को उकसा रहे थे। जेल प्रशासन के अनुसार, हालात सामान्य होने और कानून-व्यवस्था बहाल होने के बाद धारा 151 के तहत बंद आरोपितों को चरणबद्ध तरीके से रिहा किया जा रहा है। शुक्रवार शाम तक करीब 299 लोगों की रिहाई हो चुकी थी, बाकी की प्रक्रिया की जा रही है।।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जहां एक ओर छोटे मामलों में राहत दी जा रही है, वहीं हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बता दे इस मामले में पाकिस्तानी लिंक निकलने के बाद अब एटीएस ने भी इसकी जांच शुरू की है। साथ ही एसटीएफ पहले से ही मामले की जांच कर रही है।

### नोएडा एयरपोर्ट से टेक-ऑफ का इंतजार खत्म, 20 अप्रैल को होगा बड़ा फैसला

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम की अड़चन जल्द दूर हो सकती है। एयरपोर्ट का निर्माण एवं संचालक कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. के बोर्ड सदस्य सोमवार को बैठक करेंगे। इस बैठक में एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो से स्वीकृति मिलने में आ रही बाधा पर चर्चा हो सकती है। इसके साथ ही बोर्ड सदस्य नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी निरीक्षण करेंगे।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन को रविवार (19 अप्रैल) को 23 दिन हो रहे हैं। लेकिन अभी तक एयरपोर्ट से विमान सेवा संचालन को लेकर कोई कवायद नहीं हो रही है। इसकी वजह एयरपोर्ट को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो से एयरपोर्ट सुरक्षा प्रोग्राम को स्वीकृति न मिलना है।

**विदेशी मूल के सीईओ का फंस रहा पेंच:** दरअसल एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस जारी होने के बाद आठ मार्च को यापल ने इसके लिए आवेदन कर दिया था, लेकिन यापल सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन के विदेशी मूल का नागरिक होने के कारण अभी तक इसे स्वीकृति नहीं मिली है।

# ग्रेनो में सरकारी स्कूल मई माह से संवारने शुरू होंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के खानपुर, गिरधरपुर, सिरसा समेत नौ गांवों में स्थित सरकारी विद्यालयों को संवारने का काम मई से शुरू होगा। स्कूलों में कमरों की संख्या बढ़ाने के साथ, मरम्मत समेत और अन्य जरूरी कार्य कराए जाएंगे। प्राधिकरण ने निविदा जारी की है। शुद्ध पेयजल के लिए आरओ सिस्टम भी लगाए जाएंगे। प्राधिकरण के अधिकारी के मुता. बिक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर एक माह बाद काम शुरू करा दिया जाएगा, यानि मई महीने से काम शुरू होने की उम्मीद है। कार्यदायी संस्था को छह माह में काम पूरा करना होगा। प्रदेश सरकार की कायाकल्प योजना के तहत ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आने वाले सरकारी विद्यालयों के सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण का कार्य प्राधिकरण द्वारा चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है।

सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं,ताकि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे में भी अच्छे माहौल में पढ़ाई कर सकें। दरअसल वर्षों पहले बने विद्यालयों के भवन जर्जर हो चुके हैं।वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि बिरौंडा, खानपुर, गिरधरपुर, घंघौला, सिरसा, चूहड़पुर खादर, सलेमपुर गुर्जर और बल्ला की मढैया आदि गांवों में स्थित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे।

इन विद्यालयों में जरूरत के मुताबिक अतिरिक्त कमरे, भवन की मरम्मत, रंगाई-पुताई, फर्नीचर, शुद्ध और स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ सिस्टम, नल आदि कार्य कराए जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए चारदीवारी का भी निर्माण किया जाएगा। वर्क सर्किल-आठ में स्थित इन स्कूलों के नवीनीकरण और मरम्मत कार्य के लिए निविदा जारी कर दी गई है। यह काम छह माह में पूरा कर लिया जाएगा।विद्यालयों को आधुनिक बनाया जा रहापीएम श्री योजना के तहत भी सरकारी विद्यालयों को आधुनिक बनाया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए लैब स्थापित की जा रही है। ग्रेनो के अधिसूचित क्षेत्र में पंचायत चुनाव की व्यवस्था समाप्त होने के बाद प्राधिकरण द्वारा विकास कार्य कराए जाते हैं। योजना के तहत पूर्व में रूपवास, श्यौराजपुर, जौन समाना, भनौता, आमका, कैलाशपुर, वैदपुरा, आदि गांवों में स्कूलों में नवीनीकरण का कार्य किया जा चुका है।क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों का सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण कर सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

### हालात होने लगे सामान्य, कामगार काम पर लौटे

**नोएडा।** औद्योगिक क्षेत्रों में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हुए श्रमिकों के प्रदर्शन के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। इकोटेक-3 औद्योगिक क्षेत्र में तीन दिन पहले तक कामकाज पूरी तरह प्रभावित था। अब अधिकांश कामगार लौट आए हैं। गारमेंट्स की एक्सपोर्ट कंपनी में काम करने वाले कामगार गिरीश ने बताया कि प्रदर्शन के बाद लिखित आश्वासन नहीं मिला है। कंपनी के गेट के बाहर बढ़े हुए वेतन का नोटिस चस्पा किया गया है। इस कारण काम पर लौटे हैं। वहीं कामगार मनोज सिंह राना ने बताया कि जो मांगे थी। वह पूरी हो गई हैं। इस कारण काम पर लौट आए हैं। वहीं प्रदर्शन में घायल हुए आकाश यादव ने वेतन में और बढ़ोतरी की बात कही जबकि कामगार राज ने बताया कि पिछले दिनों गैस की कालाबाजारी से एकदम से महंगाई बढ़ गई थी।

# सोसाइटी में 13 घंटे बंद रही लिफ्ट, लोग हुए परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित विक्ट्री एक सोसाइटी के एक टावर में करीब 13 घंटे तक लिफ्ट बंद होने से निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लिफ्ट खराब होने के कारण लोगों को 19वीं मंजिल तक सीढ़ियों के सहारे चलकर जाना पड़ा। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी में लिफ्ट की समस्या लगातार बनी रहती है। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

निवासी प्रशांत ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे टावर की लिफ्ट अचानक खराब हो गई। उन्होंने कहा कि कई टावरों में पहले से ही दो में से केवल एक लिफ्ट ही संचालित की जा रही थी। ऐसे में जब वह लिफ्ट भी बंद हो गई तो लोगों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ा। शिकायत के बावजूद रात भर लिफ्ट ठीक नहीं हो सकी। शनिवार सुबह भी लिफ्ट शुरू नहीं हो पाई, जिससे बच्चों को स्कूल और लोगों को ऑफिस जाने में दिक्कत हुई। उन्होंने कहा कि सभी टावरों में दोनों लिफ्टों के संचालन की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। वहीं, मेंटेनेंस इंचार्ज हरिकिशन का कहना है कि लिफ्ट के गेट पर किसी निवासी द्वारा जोर से लात मारने के कारण दरवाजे का डोर ड्राइव खराब हो गया था, जिससे लिफ्ट बंद हो गई। उन्होंने बताया कि खराबी को ठीक कर लिया गया है।

# वैदपुरा और खोदना कलां में निर्माणाधीन भवन हुए सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम वैदपुरा और खोदना कलां में निर्माणाधीन अवैध भवनों को सील कर दिया। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ सुमित यादव की निगरानी में वर्क सर्किल दो की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई की।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि वैदपुरा के खसरा संख्या 332, 333, 334 एवं 615 पर अवैध बहुमंजिला भवनों का निर्माण हो रहा था। सूचना मिलने पर वर्क सर्कल दो के वरिष्ठ प्रबंधक नरा. ेत्तम सिंह के नेतृत्व में मैनेजर रोि. हत गुप्ता व अन्य टीम ने पुलिस की मौजूदगी में इन भवनों को सील कर दिया। इसी तरह ग्राम खोदना कलां के खसरा संख्या 323, 324 एवं 194 की जमीन पर प्राधिकरण की अनुमति के बिना निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण की पुलिस बल की उपस्थिति में यहां भी सीलिंग की करवाई की गई। दोनों जगह पर निर्माण कार्य तत्काल रोक दिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ इसी तरह से कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन या फिर फ्लैट खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

### आग की चपेट में आकर चार गोवंशों की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर के नौरंगपुर में शनिवार दोपहर एक किसान की झोपड़ी में आग लग गई। हादसे में झोपड़ी के पास बंधे चार गोवंश बुरी तरह झुलस गए, जिससे उनकी मौत हो गई। किसान ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। किसान बिजेंद्र अपने खेत पर अस्थाई झोपड़ी बनाकर रहता है। पास की दूसरी झोपड़ी में उसने चार गोवंश बांध रखे थे। शनिवार दोपहर अचानक लगी आग को उसने खुद बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण सफल नहीं हुआ। बाद में लोगों की मदद से आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन गोवंशों की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि किसान की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

# विद्यालय में आयोवित रन फॉर ग्रीन नोएडा गो-ग्रीन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** मैराथन दिल्ली पब्लिक स्कूल, जीबीएन द्वारा गो ग्रीन थीम पर एक भव्य मैराथन का आयोजन किया गया। प्रातः 5:45 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों और उपस्थितियों में पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम को गौरवान्वित करने हेतु निम्नलिखित वशिष्ट अतिथि शिवम त्यागी भारत के प्रथम दृष्टिबाधित पैराशूट कोच एवं अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता विवेक सैनी निदेशक खेल संचालक एवं प्रबंधन पैरा ओलंपिक कमेटी आफ इंडिया सुश्री कलर लियाना तोदिंका प्रोटोकॉल टीम सदस्य, शातोरु शूटिंग सेंटर पेरिस 2024 ओलंपिक एवं पैरालंपिक खेल, कनिष्ठ मित्तल पूर्व छात्र डीपीएस गौतम बुध नगर एवं फ्रंटियर एट अपार्टमेंट टाइम्स आईआईएचएम कोऑर्डिनेटर हॉस्पिटैलिटी मौजूद रहे।





इस पूरे आयोजन में गो ग्रीन का संदेश हर गतिविधि से दिखा चाहे स्वच्छता अभियान हो, ज्ञान सत्र हो या विजेताओ को पौधे देकर सम्मानित करना विद्यालय में प्रयास छात्रों को स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को भी जिम्मेदारी बनाने की दिशा दशा दी गई।

इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुप्रीती चौहान ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि गो ग्रीन सिर्फ नारा नहीं बल्कि आज की सबसे बड़ी जरूरत है, प्रदूषण और जलवायु पर्यावरण से लड़ने के लिए हर नागरिक को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

